State Government Victoria

Department of Education and Early Childhood Development

Literacy tips to help your child
Years 3–6
Hindi


# आपके बच्चे की साक्षरता में सहायता करने के लिए सुझाव

वर्ष 3-6

## हर बच्चा, हर अवसर










परिवार बच्चे के विकास पर सर्वप्रथम तथा सबसे अधिक चिरस्थाई प्रभाव डालते हैं और बच्चे की सीखने की क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ऐसे बहुत से तरीके हैं जिनकी सहायता से खेल और प्रतिदिन की पारिवारिक गतिविधियों के द्वारा आप अपने बच्चे की बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने की योग्यताओं का विकास तथा समर्थन कर सकते/सकती हैं।

यह पुस्तिका ऐसे सुझाव प्रदान करती है, जिनका प्रयोग आप, या परिवार के अन्य सदस्य आपके बच्चे के साथ उसकी साक्षरता संबंधी योग्यताओं का विकास करने के लिए प्रतिदिन की गतिविधियों के दौरान कर सकते/सकती हैं।

बच्चों को उनकी प्रथम भाषा में, तथा यदि आप आश्वस्त महसूस करते/करती हैं तो अंग्रेजी में, इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल करना बहुत लाभप्रद हो सकता है।

पुस्तिका के इलेक्ट्रॉनिक संस्करण अंग्रेजी व 23 विभिन्न भाषाओं में Families as Partners in Learning वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
**www.education.vic.gov.au/about/directions/familiesaspartners/schools/connecting.htm**

## मैं सहायता कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

### आपके बच्चे का/की अध्यापक/अध्यापिका

आपके बच्चे का अध्यापक इस बारे में सलाह दे सकता है कि आप अपने बच्चे की साक्षरता संबंधी योग्यताओं का विकास करने में किस प्रकार सहायता कर सकते/सकती हैं। निम्नलिखित कुछ ऐसे विषय हैं जिनके बारे में आप अध्यापक के साथ विचार-विमर्श कर सकते/सकती हैं:

- साक्षरता के कार्यों पर आपके बच्चे की उपलब्धि का स्तर।
- आपका बच्चा साक्षरता में किन लक्ष्यों के लिए कार्यरत है, और आप अपने बच्चे को इन्हें प्राप्त करने में उसकी मदद कैसे कर सकते हैं।
- ऐसी कार्यनीतियां जिनका प्रयोग आप अपने बच्चे को कठिन लगने वाले क्षेत्रों में सहायता देने के लिए कर सकते/सकती हैं।

### ऑनलाइन संसाधन

विक्टोरियन सरकार की नई *Connect-Primary* वेबसाइट आपके घर के कंप्यूटर, स्थानीय लाइब्रेरी के कंप्यूटर या आपके स्कूल से सीखने के अच्छे साधनों से जुड़ना आसान बनाती है।

*Connect-Primary* की वेबसाइट देखें
**http://www.education.vic.gov.au/primary**

अध्यापकों द्वारा *Connect-Primary* की साइटों की जांच की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये बच्चों द्वारा प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं।

याद रखें, यदि आप ऐसी दूसरी वेबसाइटों का प्रयोग करते हैं जो *Connect-Primary* में सूचित नहीं हैं, तो सुरक्षा के लिए, आपको व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि आपका नाम या आपके बच्चे का पूरा नाम, स्कूल, फोन नम्बर या पता इंटरनैट पर कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं देना चाहिए जिसे आप नहीं जानते हों।

*Ultranet* एक नई ऑनलाइन प्रणाली है जो आपको स्कूल पर आपके बच्चे की विद्या प्राप्ति के बारे में सूचना प्रदान करती है। यह एक सुरक्षित, राज्यव्यापी साइट है जिसे विद्यार्थी, माता-पिता व अध्यापक इंटरनेट के द्वारा ऐक्सेस कर सकते हैं। *Ultranet* की वेबसाइट पर देखें: **www.education.vic.gov.au/about/directions/ultranet/benefits/parents.htm**

# पढ़ने, लिखने तथा देखने में अपने बच्चे की सहायता करना

## घर पर पढ़ने व लिखने के अवसरों को उत्पन्न करें:

पाठकों व लेखकों के रूप में, बच्चे प्रतिदिन स्कूल व घर से परे भी अपनी दुनिया खोजते हैं

यह आवश्यक है कि आप:



- अपने बच्चे के पढ़ने व लिखने के कार्यों में और उसके विभिन्न प्रकार के सभी लेखों को देखने में वास्तविक रूचि दिखायें।
- जब आप पढ़ व लिख रहे होते हैं, तो उन्हें देखने दें और उन्हें बतायें कि आप क्यों पढ़ व लिख रहे हैं।
- अपने बच्चे के साथ उनकी समझ के बारे में बात करें और उनके पढ़ने व लिखने के प्रयासों को प्रोत्साहित करें।
- बातचीत के द्वारा पारिवारिक इतिहास तथा कहानियों को उन्हें बतायें और अपने बच्चे को परिवार के वृद्ध सदस्यों से बात करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- उन टेलीविज़न कार्यक्रमों व फ़िल्मों पर चर्चा करें जिन्हें आपने एक साथ देखा हो।
- अपने बच्चे को उसकी स्वयं की किताबों की लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रोत्साहित करें
- विश्व की घटनाओं के बारे में बात करें और अपने बच्चे को उनकी खुद की राय बनाने के लिए, कहानी के दोनों पहलुओं पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करें।

## घर पर अपने बच्चे की पढ़ाई व लिखाई में सहायता करना

सीखने के लिए एक दिनचर्या बनायें और लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए सामग्री प्रदान करें:



- उनके विचारों और उनकी भावनाओं को लिखने के लिए नोटबुक्स (कॉपियां)।
- कंप्यूटर और/या नैटबुक्स
- मार्कर, पेंसिल, हाइलाटर और क़लम(पैन)
- संदर्भों के रूप में शब्दकोश और थसॉरस (पर्याय शब्दकोश)। ये किताबों के रूप में हो सकती हैं अथवा ऑनलाइन पाई जा सकती हैं।
- ऑनलाइन संसाधन जैसे कि ऑनलाइन नक्शे, विश्वकोश (एन्साइक्लोपीडिया), मौसम संबंधी साइटें।

### व्याख्यानों के बारे में सुझावों का आदान प्रदान करें



जब आपका बच्चा व्याख्यान पढ़ चुका होता है, तो उसे व्याख्यान के बारे में बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

कुछ सुझाव यहाँ दिए गए हैं जो कि आपके बच्चे की रूचियों के लिए उपयुक्त हो सकते हैं:

- लेखक या चित्रकार के बारे में उनकी वेबसाइट पर पढ़ें।
- उसी लेखक के द्वारा लिखी गई एक अन्य कहानी खोजें और उसे पढ़ें।
- कुछ बनाने के लिए व्याख्यान से निर्देशों का अनुसरण करें, उदाहरण के लिए, खाना बनाने की विधियां, मॉडल बनाने, कागजों को मोड़ना। ओरिगेमी को परखें (कागज को मोड़ने की जापानी कला)। उदाहरणों व निर्देशों के लिए **http://www.origami.com/index.html**
- कहानी में से नजारों या चरित्रों के बारे में चित्र बनायें या चित्रों में रंग भरें। प्राथमिक स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए *FUSE* वेबसाइट पर दिए गए ड्रॉ *(Draw)* लिंक को क्लिक करके इन्हें ऑनलाइन चित्रित करें।
- एक से अधिक राय प्राप्त करने के लिए समान मुद्दे पर एक साथ कई लेख पढ़ें। व्यक्त किए गए विभिन्न मतों पर विचार-विमर्श करें।
- किताब पर आधारित कोई फ़िल्म देखें और तुलना करें।
- प्राथमिक स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए *FUSE* वेबसाइट पर दिए गए इमेजेस *(Images)* लिंक को क्लिक करके एक चरित्र या समायोजन के लिए चित्रों का चयन करें।

## अपने बच्चे से प्रश्न पूछना

प्रश्न पूछकर आप अपने बच्चे की निम्नलिखित में सहायता कर सकते हैं:

- पढ़ने व लिखने की उनके खुशी को आपस में बांटने में ।
- चरित्रों या विषयों के बारे में बेहतर समझ का विकास करने में।
- दूसरों के लिए सहानुभूति की भावना का विकास करने में।
- विश्व के बारे में उनकी मान्यताओं, भावों और विचारों का विकास करने में।
- विश्व के बारे में उनके अनुभव व ज्ञान को बढ़ाने में।
- उनकी कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करने में।
- जो वे पढ़ रहे हैं, उसमें महत्वपूर्ण तर्कों पर विचार करने में।

ये उस प्रकार के प्रश्न हैं जो कि स्कूल पर आपके बच्चे से पूछे जा सकते हैं। घर पर पढ़ने के बारे में बात करते हुए भी आप इन प्रश्नों में से कुछ को बातचीत में शामिल कर सकते हैं।

- चरित्रों के नाम क्या थे?
- समायोजन क्या था?
- चरित्र ने उसके बाद क्या किया?
- व्याख्यान के प्रारंभ/अंत में क्या हुआ?
- आपको क्या लगता है कि चरित्र क्या महसूस कर रहा होगा?
- आप अंत को कैसे बदलोगे?
- चरित्र/समायोजन में बदलावों का वर्णन आप किस प्रकार करेंगे?
- आपको क्या लगता है कि कहानी का मुख्य संदेश क्या है?
- क्या आप इसे किसी अन्य वृत्तांत या मुद्दे के साथ संबंधित कर सकते हैं?
- क्या आप लेखक के मतों के साथ सहमत हैं?
- कहानी के संदेश के बारे में आपकी क्या राय है?
- दूसरे लोग इसे किस प्रकार अलग तरीके से देख सकते हैं?

## कठिन शब्दों को समझना



लम्बे या अपरिचित शब्दों को पढ़ने या लिखने के लिए अपने बच्चे को समय और उपाय देना आवश्यक है।

जब आपका बच्चा पढ़ रहा होता है, तो उसे शब्द बताने से पहले, निम्नलिखित संकेतों से सहायता का प्रयास करें:

- वाक्य में शब्द के अर्थ के लिए संकेतों को ढूँढो ।
- शब्द को ध्यान से देखो। क्या यह किसी ऐसे शब्द की तरह लगता है जिसकी आपको जानकारी है?
- क्या आप शब्द को छोटे भागों में बांट सकते हो?
- क्या इस शब्द से पहले और बाद के शब्द सहायता करते हैं?

जब आपका बच्चा लिख रहा होता है, तो उसके लिए किसी शब्द का अक्षर-विन्यास करने से पहले, निम्नलिखित पूछने का प्रयास करें:

- क्या यह सही लगता है?

अपने बच्चे को मन में किसी विशेष अभिप्राय के साथ कोई चीज पढ़ने, लिखने या देखने के लिए प्रोत्साहित करें।

- प्राथमिक स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए FUSE वेबसाइट पर दिए गए *रिव्यू (Review)* लिंक को क्लिक करके किताब या फ़िल्म की समीक्षा को पढ़ें और फिर वे अपनी स्वयं की समीक्षा भी डाल सकते हैं।
- खाना बनाने की विधियों को पढ़ें, संग्रहित करें तथा उन्हें परखें और कुकबुक (खाना बनाने की विधियों व निर्देशों की किताब) बनाने के लिए विधियां लिखें।
- प्राथमिक विद्यार्थियों के लिए *FUSE* वेबसाइट पर दिए गए *फाइंड आउट (Find out)* लिंक को क्लिक करके विश्व के बारे में तथ्यों का पता लगायें।
- परिजनों और मित्रों के साथ मिल कर संचार करने के लिए तात्कालिक संदेशों (इन्सटेंट मेसिजिंग) का प्रयोग करें।



- एक डायरी रखें जहाँ आपका बच्चा वृत्तांतों, भावनाओं आदि को लिख सके।
- ग्रीटिंग कार्ड बनायें और लिखें।
- जो भोजन आप व आपका बच्चा बनाना चाहते हैं, उस भोजन बनाने की विधि के लिए खरीददारी की सूची को लिखें।
- वेब कैमरे, या डिजिटल कैमरे के मूवी फंक्शन या मोबाइल फ़ोन का प्रयोग करते हुए अपने स्वयं के पुनरीक्षण के लिए वीडियो बनायें। प्राथमिक विद्यार्थियों के लिए *FUSE* वेबसाइट पर दिए गए *वॉच (Watch)* लिंक को क्लिक करके बच्चों द्वारा बनाए गए दूसरे वीडियो देखें।
- विकि (Wiki) को पढ़ने और उसमें योगदान देने के लिए उसकी सदस्यता लें।

## पारिवारिक प्रोजैक्ट्स

पढ़ाई व लिखाई में पूरे परिवार को शामिल करने के लिए अवसर निकालें। कुछ पारिवारिक प्रोजैक्टों में निम्नलिखित प्रोजैक्ट शामिल हो सकते हैं:

- मित्रों या परिवार के सदस्यों को ईमेल भेजना
- परिजनों व मित्रों के साथ संचार करने के लिए सामाजिक नेटवर्किंग साइटों का प्रयोग करना



- किताब की श्रृंखला को मिल कर पढ़ना
- यह जानने के लिए एक नई वस्तु के निर्देशों को मिल कर पढ़ना कि वह कैसे काम करती है।
- एक डायरी या ऑनलाइन ब्लॉग में परिवार के वृत्तांतों या यात्रा के अनुभवों को लिखना
- नाटकों को लिखना और परिवार तथा मित्रों के लिए उनका प्रदर्शन करना।
- मिल कर वर्ग-पहेलियों, शब्द-पहेलियों, कठिन-पहेलियों को सुलझाना, मिल कर शब्द खेल और प्रश्नोत्तरी खेलना।
- मिल कर लाइब्रेरियों तथा किताबों की दुकानों पर यों ही किताबें देखना
- प्राथमिक स्कूल में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए *FUSE* वेबसाइट पर दिए *गए मेक ए मूवी (Make a movie)* लिंक को क्लिक करके मिल कर फ़िल्म बनाना।
- सैर के दौरान सार्वजनिक परिवहन समय-सारणियों को और सार्वजनिक स्थलों पर सूचना संकेतों को पढ़कर नक्शे या विवरणिका का अनुसरण करना।

## प्रीमियर का रीडिंग चैलंज (प्रीमियर की पाठन चुनौती)

प्रीमियर का रीडिंग चैलंज विक्टोरियन विद्यार्थियों के लिए अपने पठन को सुधारने का बहुत बढ़िया तरीका है। विद्यार्थियों को तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 15 या अधिक किताबों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें पुस्तक शीर्षकों के लिए सुझाव भी शामिल हैं। प्रीमियर के रीडिंग चैलंज के बारे में **http://www.education.vic.gov.au/prc/default.htm** पर जानकारी प्राप्त करें।